

## आज के मैच


**गुजरात टाइटन्स V/S दिल्ली कैपिटल्स**

**समय-7.30 बजे, अहमदाबाद में**

### खास-खबर

## छक्के जड़ने में हैदराबाद के हैनरिक और चौकों में विराट हैं अव्वल

**बेंगलुरू ( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में छक्के लगाने में सनराइजर्स हैदराबाद के हैनरिक क्लासन ने सर्वाधिक 24 छक्के लगाये है वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 35 चौके के साथ शीर्ष पर है। आईपीएल के 30 मैचों के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के छह मैचों में क्लासन ने सबसे अधिक 24 छक्के लगाये है। रॉयल चैलेंजर्स के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली 35 चौके लगाकर सबसे आगे चल रहे है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 19 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 18-18 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15-15 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के विराट कोहली 14-14 छक्कों के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर है। चौकों के मामले में विराट कोहली 35 चौकों के सबसे आगे है। उनके बाद रोहित शर्मा और ट्रैविस माइकल हेड 28-28 चौके दूसरे नंबर पर है। ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन 25-25 चौकों के साथ तीसरे, फाफ डु प्लेसिस 24 चौकों के साथ चौथे तथा फिल साल्ट और बी साई सुदर्शन 23-23 चौकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर है।



# बटलर ने नारायण के शतक पर फेरा पानी, सेंचुरी लगाकर राजस्थान को जिताई हारी हुई बाजी



जोस बटलर

**कोलकाता ( एजेंसी )। प्लेयर ऑफ द मैच जोस बटलर के इस साल दूसरे शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने मंगलवार को आईपीएल के 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ राजस्थान 12 अंक अर्जित कर तालिका में शीर्ष स्थान पर बनी हुई है।**

कोलकाता ने पहले खेलते हुए सुनील नारायण के शतक की बदौलत 223 रन का स्कोर खड़ा किया था, वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही क्योंकि पहले 50 रन के भीतर टीम 2 बड़े विकेट गंवा चुकी थी। कप्तान संजू सैमसन केवल 12 रन और यशस्वी जायसवाल 19 रन बनाकर आउट हो गए. मगर रियान पराग बेहद तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखाई दिए, जिन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाते हुए केवल 14 गेंद में 34 रन ठोक दिए थे। राजस्थान की ओर से सबसे ज्यादा रन इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आए जोस बटलर ने बनाए। बटलर ने 60 गेंद में 107 रन की पारी में 9 चौके और 6 छक्के लगाए। 10 ओवर के बाद राजस्थान रॉयल्स का स्कोर 4 विकेट पर 109 रन था और अगली 60 गेंद में टीम को 115 रन की जरूरत थी, राजस्थान के लिए मुश्किलें तब बढ़ने लगीं जब अगले 4 ओवर में टीम ने केवल 19 रन बनाए। 15वें ओवर से जोस बटलर और रोवमन पॉवेल ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करनी शुरू की, आखिरी 5 ओवर में टीम को 79 रन चाहिए थे. पॉवेल की 13 गेंद में 26 रन की पारी से राजस्थान की जीत की उम्मीद बढ़ने लगी थी, लेकिन वो सुनील नारायण की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मैच रोमांचक बनता जा रहा था और राजस्थान को आखिरी 12 गेंद में 28 रन चाहिए थे और बटलर अब भी क्रीज़ पर डटे हुए थे, 19वें ओवर में 19 रन आए, जिससे



सुनील नारायण

राजस्थान को आखिरी ओवर में केवल 9 रन चाहिए थे। कोलकाता के लिए मुश्किल तब बढ़ गई जब स्लो-ओवर रेट के चलते वो आखिरी ओवर में केवल 4 खिलाड़ी 30-यार्ड सर्कल के बाहर रख सकते थे, बटलर ने आखिरी गेंद पर एक रन लेकर राजस्थान रॉयल्स को रोमांचक जीत दिलाई । कोलकाता के खिलाफ मैच में जोस बटलर ने अपने आईपीएल करियर का 7वां शतक लगा दिया,उन्होंने 55 गेंद में सेंचुरी पूरी की, वो आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में दूसरे स्थान पर आ गए हैं. उनसे आगे केवल विराट कोहली हैं, जिनके नाम इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में 8 शतकीय पारी हैं। ईडन गार्डंस में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 10 रन का विकेट गवां दिया। फिल को आवेश खान ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। उसके बाद सुनील नारायण ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये 85 रन जोड़े। 11वें ओवर में कुलदीप सेन ने अंगकृष रघुवंशी को आर अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। रघुवंशी ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन को युजवेन्द्र चहल ने पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे रसल 13रन बनाकर आउट हुये। सुनील नारायण ने 16वें ओवर में 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। सुनील नारायण ने 109 रनों की पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें 18वें ओवर में बोल्ट ने बोल्ड आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** सॉल्ट कै. एंड बो. आवेश 10, नारायण बो. बोल्ट 109, रघुवंशी कै.अश्विन बो. सेन 30, श्रेयस पगबाधा चहल 11, रसल कै. जुरेल बो. आवेश13, रिंकू (नाबाद) 20,वेंकटेश कै. जुरेल बो. सेन 8, रमनदीप (नाबाद)1, **अतिरिक्त** 21,**कुल** (20 ओवर में) 6 विकेट पर 223 रन। **विकेट पतन:** 1-21, 2-106, 3-133 , 4-184, 5-195, 6-215 । **गेंदबाजी:** बोल्ट 4-0-31-1,आवेश 4-0-35-2, सेन 4-0-46-2, चहल 4-0-54-1, अश्विन 4-0-49-0।

**राजस्थान रॉयल्स:** जायसवाल कै. वेंकटेश बो. अरोड़ा 19, बटलर (नाबाद) 107, सैमसन कै. नारायण बो. राणा12, पराग कै. रसल बो. राणा 34, जुरेल पगबाधा नारायण 2, अश्विन कै. रघुवंशी बो. चक्रवर्ती 8, हेटमायर कै. श्रेयस बो. चक्रवर्ती 0, पॉवेल पगबाधा नारायण 26, बोल्ट रन आउट 0, आवेश(नाबाद) , **अतिरिक्त** 16, **कुल** (20 ओवर में) 8 विकेट पर 224 रन। **विकेट पतन:** 1-22, 2-47, 3-97, 4-100, 5-121, 6-121,7-178, 8-186 । **गेंदबाजी:** स्टार्क 4-0-50-0,अरोड़ा 3-0-45-1, राणा 4-0-45-2, नारायण 4-0-30-2, चक्रवर्ती 4-0-36-2, रसल 1-0-17-0 ।

# गुजरात टाइटन्स चौथी और दिल्ली कैपिटल्स को तीसरी जीत की तलाश

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार 17 अप्रैल को मुकाबला खेला जाएगा। वहीं इस मैच में दोनों ही टीमें निरंतरता हासिल करने की कोशिश करेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात टाइटन्स अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है, हालांकि उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है।गुजरात टाइटन्स ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 10 अप्रैल को अंतिम गेंद में जीत हासिल की थी। जिसके बाद अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे दिल्ली के खिलाफ भी ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं तो शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रूख बदलने के लिए काफी समय है। मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति हालांकि उसके लिए नुकसानदायक रही है लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा। उमेश यादव ने अभी तक सात विकेट झटके हैं लेकिन प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन लुटाये हैं। उनके नयी गेंद के जोड़ीदार स्पेंसर जॉनसन और अनुभवी मोहित शर्मा भी अपने इकोनोमी रेट में सुधार कर सकते हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान ने अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की है लेकिन वह अपने खाते में और विकेट डालना चाहेंगे। पिछले मैच में उनकी बदौलत गुजरात टाइटन्स रोमांचक जीत हासिल करने में सफल रही और टीम भी उनसे बल्ले से इससे अधिक रनों की उम्मीद करेगी। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की बात करें तो, टीम फॉर्म और फिटनेस मुद्दों के कारण अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम प्लेइंग इलेवन जुटाने में असफल रही है। पांच मुकाबलों में चार हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली जीत से टीम का मनोबल बढ़ा। लेकिन अगर उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए खुद को दौड़ में बनाये रखना है तो अपनी कमियों में सुधार करके मुकाबले जीतने होंगे।



## अब हमारे लिए सेमीफाइनल की तरह है हर मैचः फ्लावर



**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सात मैच में अपनी टीम की छठी हार के बाद स्वीकार किया कि बचे हुए सात में से प्रत्येक मैच को अब सेमीफाइनल की तरह ही खेला जायेगा। आरसीबी को सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद से 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। फ्लावर ने 'आरसीबी गेम डे' पर कहा कि यह निश्चित रूप से नॉकआउट का समय है और प्रत्येक मैच को हम अब सेमीफाइनल की तरह ही लेंगे। लेकिन हमें सोचना होगा कि हम मजबूत वापसी करें। सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने आरसीबी के दिशाहीन गेंदबाजों के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। फ्लावर ने स्वीकार किया कि यह उनकी टीम के लिए मुश्किल रात थी। उन्होंने कहा कि मैदान पर यह वास्तव में मुश्किल रात रही क्योंकि उन्होंने इतनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के लिए दिनेश कार्तिक ने 35 गेंद में 83 रन और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 28 गेंद में 62 रन बनाये। फ्लावर ने कहा कि हमने क्रीज पर बल्ले से जिस तरह का जज्बा दिखाया,उस पर मुझे बहुत गर्व है।

# मैक्सवेल ब्रेक लेकर खुद को करेंगे तरोताजा



**बेंगलुरू ( एजेंसी )।** आरसीबी के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 सीजन से हटने का फैसला लिया है। मैक्सवेल ने ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैक्सवेल ने सोमवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी भाग नहीं लिया था। वहीं मैच के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ब्रेक का खुलासा किया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने खुद ही उनकी जगह किसी और को चुनने की मांग की थी क्योंकि वह शारीरिक और मानसिक तौर पर खुद को तरोताजा करने के लिए ब्रेक ले रहे हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मैक्सवेल ने कहा कि, कल रात मैं फाफ और कोचिंग स्टाफ के पास गया और कहा कि मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि आप मेरी जगह किसी और को खिलाएं। मुझे लगता है कि मुझे शारीरिक और मानसिक ब्रेक की जरूरत है। मैक्सवेल ने ये भी कहा कि, मैं पहले भी इस स्थिति में रहा हूं। आप चाहें तो खेलना जारी रख सकते हैं और खुद को और अंधकार में धकेल सकते हैं।

## स्टार खिलाड़ी होने के नाते मैक्सवेल दबाव में था :पोंटिंग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने मंगलवार को ग्लेन मैक्सवेल के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए कहा कि लगातार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का स्टार खिलाड़ी होने का दबाव उन पर हावी हो गया और उन्होंने खेल से अनिश्चिकालीन 'मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य% ब्रेक लेकर सही फैसला किया। मैक्सवेल ने अपने करियर में दूसरी दफा इस तरह का ब्रेक लिया है। आईपीएल के इस चरण में लगातार कम स्कोर के बाद इस आस्ट्रेलियाई आलरांउडर ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आराम दिये जाने के बारे में कहा। पोंटिंग ने कहा, 'आरसीबी की टीम में ग्लेन जैसे खिलाड़ी का होना, वह विराट कोहली के साथ टीम का बड़ा खिलाड़ी है जिससे उस टीम में खेलते हुए इन दोनों खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है। अगर वे अच्छा नहीं करते और नतीजे अच्छे नहीं आते तो दबाव होता है। आरसीबी इस समय 10 टीम की तालिका में सात मैच में छह हार से अंतिम स्थान पर चल रही है। पोंटिंग ने कहा, 'अगर आप देखो कि टूर्नामेंट में उन्होंने कैसा प्रदर्शन किया है तो दबाव व्यक्तिगत खिलाड़ी पर भी आ जाता है। मैंने आज सुबह वो लेख देखा कि ग्लेन हटना चाहते हैं।


**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार पवन सुराणा एंव रीना सुराणा निवासी गांधी चौक आष्टा जिला सीहोर म.प्र. द्वारा एक पावर ऑफ अटर्नी एक मकान स्थित ग्राम मेदवा पटवारी हल्का नं. 17 राजस्व निरीक्षक मण्डल-1 तहसील गोहरगंज जिला रायसेन की कॉलोनी वैष्णवी ड्रीम सिटी में स्थित 2 किता भूखण्ड पर निर्मित मकान सिंगलेक्स कमॉक 3 एंव 4 कुल 2 किता के 1 भाग का 540 एंव दूसरे के भाग का 540 वर्गफिट का इस प्रकार कुल 1080 वर्गफिट तल मंजिल पर पक्का आर.सी.सी. बना हुआ का पॉवर ऑफ अटर्नी श्री राकेश पंडित पिता श्री अशोक कुमार पंडित नि. एन/3 डेसी स्प्रींग कटारा हिल्स भोपाल म.प्र. तहसील हुजूर जिला भोपाल के पक्ष में दिनॉक 9/1/24 को दस्तावेज कमॉक एमपी 299912024 ए4032731 का संपादित किया था जो जिला रायसेन में पंजीबद्ध हुआ था । उक्त पॉवर ऑफ अटर्नी के अंतर्गत शर्तो के उल्लंघन के कारण श्री राकेश पंडित के पक्ष में की गई पॉवर ऑफ अटर्नी निरस्त की जाती है जो कि मेरे पक्षकार द्वारा दिनॉक 19/3/2024 को दस्तावेज कमॉक एमपी 299912024 ए4352418 के मध्यक्ष से पंजीयक कार्यालय रायसेन में निरस्त करा दी गई है । उक्त पॉवर ऑफ अटर्नी श्री राकेश पंडित के पक्ष में किये जाने के पश्चात निरस्त करा दी गई है सभी आमजन को सूचित किया जाता है कि उक्त पॉवर ऑफ अटर्नी से कोई संव्यवहार, लेन-देन खरीदी बिकी, या कोई बयाना आदि राकेश पंडित को ना दिया जावे यदि दिया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पवन सुराणा एंव रीना सुराना पर बंधनकारी नहीं रहेगा। मेरे द्वारा उक्त जाहिर सूचना मेरे पक्षकारों के हित सुरक्षित करने के लिये जारी की जाती है।

**महेन्द्र कुमार भूतिया,**
**एडव्होकेट कॉलोनी चौराहा आष्टा**
**मो. नं. 9893002644**

163

**M/S SWAPNIL REALESTATE**
**61-B, KASTURBA NAGAR, BHOPAL M.P. 462023**
**PUBLIC NOTICE**

Public Notice is hereby given that the partnership firm M/s SWAPNIL REALESTATE having Firm Registration Number: 01/01/01/0145/18 dated 06.08.2018 having Address at 61-B, Kasturba Nagar, Bhopal M.P. 462023 consisting of partners Gaurav Makhija S/o Shree Ashok Makhija, Mr. Abhishek Hariramani S/o Shree Prakash Hariramani, and Mr. Aditya Ramani S/o Shree Vijay Hariramani, by virtue of partnership agreement dated 02.11.2018. Now with effect from 31.03.2024 one two old partners i.e Mr. Abhishek Hariramani S/o Shree Prakash Hariramani and Mr. Aditya Ramani S/o Shree Vijay Hariramani are discontinuing as partners & a new partner Mr. Nishant Makhija S/o Ashok Kumar Makhija is inducted as partner along with all continuing partners. Be Informed Public in Large"

Date:31.3.2024, Place: Bhopal

**Gaurav Makhija (Partner)**
**Abhishek Hariramani (Partner)**
**Aditya Ramani (Partner)**
**Nishant Makhija (Partner)**

164

**M/S SWAPNIL BUILDERS**
**61-B, KASTURBA NAGAR, BHOPAL M.P.-462023**
**PUBLIC NOTICE**

Public Notice is hereby given that the partnership firm M/s SWAPNIL BUILDERS having Firm Registration Number: 01/01/01/0160/19 dated 29.07.2019 having Address at 61-B, Kasturba Nagar, Bhopal M.P.-462023 consisting of partners Mr. Darbar Singh Rajput S/o Shri Thakur Singh Rajput, Mr. Jagdeesh Singh Rajput S/o Shri Thakur Singh Rajput, Mr. Gaurav Makhija S/o Shree Ashok Makhija, Mr. Aditya Ramani S/o Shree Vijay Hariramani, and Mr. Kapil Moolchandani S/o Shri Kishanlal Mulchandani by virtue of partnership agreement dated 24.10.2019. Now with effect from 31.03.2024 old partner Mr. Aditya Ramani S/o Shree Vijay Hariramani is discontinuing as partner in the partnership firm. Be Informed Public in Large"

Date:31.3.2024, Place: Bhopal

**Darbar Singh Rajput (Partner)**
**Jagdeesh Singh Rajput (Partner)**
**Gaurav Makhija (Partner)**
**Aditya Ramani (Partner)**
**Kapil Moolchandani (Partner)**

165

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पूर्व में नाम नेहा संजय गिदवानी (Neha Sanjay Gidhwani) था अब मैंने अपना नाम बदलकर नया नाम नेहा बिजलानी (Neha Bijlani) कर लिया है अब सभी दस्तावेजों में मुझे इसी नाम नेहा बिजलानी (Neha Bijlani) से जाना व पहचाना जाए।

**पता- म.नं. 18-सी, शहीद हेमू कालानी नगर, सेक्टर-सी, भोपाल 462039 (मध्यप्रदेश)**

**CENTRAL RAILWAY**

**ई-टेंडर निविदा**

खुली निविदा संख्या: ELS/AQ/DRGWCQ/24-25/03 dated 13-04-2024 कार्य का नाम: वि. लो. शे अजनी के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए एनर्जी ऑप्टिमाइज़र (ईओईएल) का विकास, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग करना. अनुमानित लागत : रु. ₹**1,38,65,000/-** बयाना राशि: रू. ₹**2,19,300/-** निविदा बंद होने कि तिथि एवं समय 30-05-2024 को 12.00 बजे। विस्तृत जानकारी http://ireps.gov.in पर देखे।

**सीनियर डीईई/टीआरएस/ईएलएस/एक्यू नागपुर,**

17

**अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखें**

**In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal**

Presiding Officer:करनाल सिंह श्याम

(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000125/2022)

ज्योति शर्मा..........**आवेदक** VS

आयकर आयुक्त..........**अनावेदक**

**Process ID/2024** **पेशी दि.: 15/05/2024**

**प्रेषिती-1.** सर्वसाधारण पता-सर्वसाधारण (2) आम जनता। आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्योति शर्मा पता ने मृतक स्व. सोम शर्मा निवासी म.न. एच.आई.जी. B-166, फाइन एवेन्यू फेस-1, कोलार रोड भोपाल (म.प्र.) की राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15 MAY 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 15 May 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 10 April 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**कृपया ध्यान दे:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

**करनाल सिंह श्याम न्यायाधीश,**
**सातवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**भोपाल (म.प्र.)**

159

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**
**आम सूचना**

सोनागिरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भवन क्रमांक एच.आई.जी. 43 ए सेक्टर मण्डल द्वारा श्री महेश चन्द जैन आत्मज श्री पन्नालाल जैन के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 19/05/1981 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री महेश चन्द जैन की मृत्यु दिनांक 08/04/1994 को हो जाने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती प्रभादेवी जैन पत्नी स्व. श्री महेश चन्द जैन, श्री पवन कुमार जैन, श्री संजय जैन पुत्रगण स्व. श्री महेश चन्द जैन के संयुक्त नाम नामान्तरण आदेश क्र. 1633-1636 दिनांक 05/06/2017 को नामान्तरित किया गया है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 21/06/2017 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। श्रीमती प्रभादेवी जैन पत्नी स्व. श्री महेश चन्द जैन एवं श्री संजय जैन आत्मज स्व. श्री महेश चन्द जैन द्वारा भवन से अपने नाम का हक त्याग का पंजीयन दिनांक 03/11/2023 को पंजीकृत कराया गया है। उक्त संपत्ति श्री पवन कुमार जैन, आत्मज स्व. श्री महेश चन्द जैन के नाम पर हस्तान्तरण हेतु आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, विकय विलेख एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत किये है। साथ ही श्री पवन कुमार जैन आत्मज स्व. श्री महेश चन्द जैन द्वारा हक त्याग का आवेदन एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति से श्रीमती प्रभादेवी जैन पत्नी स्व. श्री महेश चन्द जैन एवं श्री संजय जैन आत्मज स्व. श्री महेश चन्द जैन का नाम विलोपित कर संपत्ति श्री पवन कुमार जैन, आत्मज स्व. श्री महेश चन्द जैन के एकल नाम पर करते हुए उक्त संपत्ति श्री पवन कुमार जैन, आत्मज स्व. श्री महेश चन्द जैन के नाम हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

160

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**
**आम सूचना**

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड क्रमांक एस- 341 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री शिवशंकर पाटिल आत्मज श्री पुन्डलीक पाटिल के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका पट्टा विलेख दिनांक 09/12/1999 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री जगदीश आत्मज श्री हुकम चंद के नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 30/01/2024 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति श्री जगदीश आत्मज श्री हुकम चंद के नाम हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

161

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, भोपाल**
**आम सूचना**

सोनागिरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भवन क्र. एम.आई.जी. 20 बी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्रीमती विमलेश तिवारी पत्नी श्री अम्बिका चरण तिवारी के नाम आवंटित किया गया है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 23/03/1994 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 28/02/2019 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। श्रीमती विमलेश तिवारी द्वारा संपत्ति का रजिस्टर्ड वसीयतनामा अपने पुत्र श्री अनूप तिवारी आत्मज स्व. श्री अम्बिका चरण तिवारी के नाम पंजीयन कार्यालय से दिनांक 17/12/2020 को निष्पादित कराया गया है। श्रीमती विमलेश तिवारी पत्नी स्व. श्री अम्बिका चरण तिवारी की दिनांक 29/01/2022 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री अनूप तिवारी आत्मज स्व. श्री अम्बिका चरण तिवारी के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने एकल नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टर्ड वसीयतनामा की छायाप्रति एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री अनूप तिवारी आत्मज स्व. श्री अम्बिका चरण तिवारी के एकल नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म प्र. गृह नि. एवं अधो. वि.म. प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

162